भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 913

उत्तर देने की तारीख 27 जून, 2019

6 आषाढ़, 1941 (शक)

झांसी में स्टेडियम का निर्माण

913. श्री अनुराग शर्माः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए झांसी में स्टेडियम के निर्माण का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेल अवसंरचना और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व राज्य सरकार का होता है। केंद्र सरकार राज्य सरकार के प्रयासों की पूर्ति करती है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) का लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्र और लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, सैफई, बरेली और वाराणसी स्थित प्रशिक्षण केंद्र उत्तर प्रदेश की आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं । इसके अलावा इस मंत्रालय ने खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 23 खेल अवसंरचना परियोजनाओं के लिए सहायता अनुदान संस्वीकृत किया है।

*****